Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to establish a new Greenfield airport in Bihar.

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): महोदय, मैं सामान्य नागरिकों की चिंता व्यक्त करना चाहूंगा।... (व्यवधान) जैसे ही ठंड का मौसम आता है और जिस प्रकार से हवाई यातायात सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, विशेषकर देहरादून हो, पटना हो, रायपुर हो, इन सभी स्थानों से उड़ने वाले सुबह के विमान विलम्ब से चलते हैं, जिसका परिणाम होता है कि दिल्ली में आकर सब एकत्रित होते हैं और लगातार तमाम आगमन विलम्ब से भारत में चल रहे हैं।... (व्यवधान) इसके पीछे मुख्य कारण है कि ये तमाम हवाई अड्डे जो देश भर के भीतर हैं, ठंड के मौसम में जो कैट-3 व्यवस्था होनी चाहिए, जिस प्रकार से जो यंत्र लगने चाहिए, उन यंत्रों के नहीं लगाए जाने के कारण लो विजिबिलिटी टेक ऑफ्स नहीं हो पाते हैं और परिणामस्वरूप ये सभी विमान लेट होते हैं और देश भर के लाखों पैसेंजर्स को इस कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ... (व्यवधान)

महोदय, विशेष रूप से बिहार में जितने भी पटना से उड़ने वाले विमान हैं, अगले तीन महीने तक वे सब विलम्ब से उड़ेंगे।... (व्यवधान) इसी कारण आज बिहार में एक नए ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे की आवश्यकता है, जिसकी मांग हमने बार-बार की है और सरकार के पास वह लम्बित है।... (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहूंगा कि नए परिवेश में देश के लिए और खास कर दक्षिण एशिया और बिहार के लिए नए ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे परियोजना को बिहार में स्वीकृति दी जाए।... (व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से बिहार के माननीय मुख्यमंत्री जी से भी आग्रह करूंगा कि जो प्रस्ताव बिहार में पड़ा हुआ है, उसे स्वीकार करके केंद्र की सरकार से उसका निर्माण कराया जाए।... (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री मारगनी भरत जी ने जो भी टिप्पणी माननीय सदस्य के विरुद्ध की है**,** उसको रिकार्ड में मत रखिएगा।

… (<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : श्री हसनैन मसूदी जी।

… (<u>व्यवधान</u>)